# धर्म और नैतकिता

एक तरफ लगभग सभी धर्म अपने अनुयायियों के लयि एक आचरण संहति बनाते हैं, जसिका उद्देश्य व्यक्तयिों को नैतकि पथ पर चलने के लयि प्रेरति करना होता है। परोपकार, दया, करुणा, अहसिा, ईमानदारी इत्यादि मूल्यों को धर्म व्यक्ति के जीवन में प्रवेश कराने का प्रयास करता है। इस प्रकार धर्म और नैतकिता को परस्पर पूरक माना जाता है। वहीं दूसरी तरफ, धर्म के नाम पर होने वाले दंगे, लड़ाइयाँ कथति धर्मगुरुओं द्वारा यौन शोषण, धर्म का राजनीतकि उपयोग इत्यादि धर्म और नैतकिता को एक-दूसरे से दूर खड़ा कर देता है।

## धर्म का अर्थ

- गौरतलब है कि भारतीय परंपरा में 'धर्म' शब्द का प्रयोग दो संदर्भों में होता रहा है। एक संदर्भ वह है जहाँ धर्म का अर्थ अपने नैतकि दायत्वों का पालन करना होता है। उदाहरण के लयि, अगर कोई कहे कि मित्र का धर्म है कि वह संकट में फँसे अपने दोस्त की सहायता करे या पिता का धर्म है कि वह अपनी संतान के समग्र वकिास की कोशशि करे और शासक का धर्म है कि वह समुचति प्रशासनकि व्यवस्था कायम करे, तो इन सभी संदर्भों में 'धर्म' 'नैतकिता' का पर्यायवाची हो जाता है।
- जहाँ तक 'धर्म' के उपरोक्त अर्थ की बात है, कोई भी समझ सकता है कि यह धारणा नैतकिता की समानार्थक है। कति मूल बात यह है कि जसि अर्थ में हम अपने सामाजकि जीवन में धर्म शब्द का प्रयोग करते हैं, उस धर्म और नैतकिता के बीच क्या संबंध है? दूसरे शब्दों में, जब कोई हमसे पूछता है कि आप कसि धर्म को मानते हैं तो स्वाभावकि तौर पर हमारा उत्तर हदिू, मुस्लमि, सखि, ईसाई, यहूदी, पारसी, बौद्ध या जैन होता है।

## धार्मकि नैतकिता का पक्ष

- जो मज़बूती धर्म पर टकिी नैतकिता में होती है, वह धर्मनरिपेक्ष नैतकिता में नहीं हो सकती।
- यदि हम बुद्धि या तर्क के स्तर पर नैतकि-अनैतकि का फैसला करते हैं तो इसमें दक्कित यह है कि हमारी बुद्धि बहुत बड़े लालच और भय के सामने कमज़ोर पड़ जाती है।
- इसके वपिरीत, यदि व्यक्ति गहरी धार्मकि नष्ठिा रखता है और उसे इस बात पर अखंड वशि्वास है कि ईश्वर ही संपूर्ण जगत का नयिंता है और उसकी मरजी के बनिा यहाँ एक पत्ता भी नहीं हलि सकता है तो उसके मन में एक अद्भुत आत्मवशि्वास रहता है। ऐसी धार्मकि नष्ठिा वाले लोग नैतकि-अनैतकि का फैसला इस आधार पर करते हैं कि उनके धर्म द्वारा घोषति नैतकि मानदंड क्या हैं? उनके धर्म द्वारा जसि आचरण को नैतकि होने का प्रमाण-पत्र मलिा होता है, वे बनिा कसिी वचिलन या द्वंद्व के उसे जीवन भर दोहराते रहते हैं।
- जब तक व्यक्ति कसिी-न-कसिी स्तर पर कर्म सद्धिांत को स्वीकार न कर ले, तब तक वशि्व में नैतकि व्यवस्था नहीं चल सकती। कर्म सद्धिांत का सरल सा अर्थ यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को उसके नैतकि व अनैतकि कर्मों के अनुपात में अच्छा या बुरा फल मलिना अनवार्य है। यह सद्धिांत कसिी-न-कसिी रूप में सभी संगठति धर्म स्वीकार करते हैं।
- जैसे ही हम संपूर्ण वशि्व को ईश्वर की अभव्यिक्ति मान लेते हैं, वैसे ही जगत के हर प्राणी के प्रति हमारा नज़रयिा नैतकि हो उठता है। अगर दुनयिा का हर प्राणी ईश्वर की संतान है तो कसिी भी प्राणी के प्रति हमारे मन में भ्रातृत्व का भाव उभरता है। हम उसके दुःख में दुःखी होते हैं और करुणा से भरकर उसका दुःख दूर कर देना चाहते हैं। इसी तरह, अगर पेड़-पौधे भी ईश्वर की अभव्यिक्तयिाँ हैं तो उनके प्रति भी हमारे मन में ज़म्मिेदारी का अहसास पैदा होता है। संपूर्ण वशि्व के प्रति संबद्धता का यह भाव धार्मकि होकर ही महसूस कयिा जा सकता है।

## धर्मनरिपेक्ष नैतकिता का पक्ष

- बहुत से ऐसे वचिारक हैं जनिका मानना है कि सच्ची नैतकिता धर्म से तटस्थ होती है, न कि उस पर आधारति। वे यहाँ तक कहते हैं कि धर्म पर टकिी नैतकिता तो कई मायनों में अनैतकि होती है। उदाहरण के लयि, कई आदमि धर्मों में आज भी नरबलि की प्रथा वद्यिमान है, क्या उनकी इस प्रथा को भी धार्मकि होने के कारण नैतकि माना जाए? इसी तरह, कई संगठति धर्म भी पशु-बलि की आदमि प्रथा को आज तक ढो रहे हैं जसि नैतकि मानने में बहुत सी कठनिाइयाँ हैं।
- कोई धर्म लगि-भेद को बढ़ावा देता है, कोई जाति-भेद को तो कोई नस्ल-भेद को। यही कारण है कि धर्म पर टकिी नैतकिता से हम कसिी वैज्ञानकिता या तार्ककिता की उम्मीद नहीं कर सकते।
- धार्मकि नैतकिता की कमी यह भी है कि यह हर धर्म के अनुयायियों के लयि अलग-अलग है और कई मामलों में तो परस्पर वरिोधी भी है। उदाहरण के लयि, एक जैन व्यक्ति के लयि पशु हसिा अक्षम्य पाप है, जबकि एक शाक्त हदिू या कसिी मुसलमान के लयि पशु हसिा धार्मकि कर्मकांडों का अनवार्य हस्सिा है।
- संभव है कि हर धार्मकि परंपरा कसिी-न-कसिी समय की तात्कालकि ज़रूरतों की पूर्ति के लयि अस्तत्वि में आई हो, पर यह भी सही है कि बहुत सी परंपराएँ समय बीतने के बाद या तो अप्रासंगकि हो जाती हैं या कसिी बदलाव की अपेक्षा रखती हैं। धार्मकि नैतकिताओं के साथ सबसे बड़ी समस्या यह

है कि लोग उनके मूल कारण को भूल जाते हैं और आँख बंद करके उनके कर्मकांडीय पक्ष का अनुपालन करते रहते हैं। उदाहरण के लयि, हम सब जानते हैं कि दीपावली के दनि बहुत अधकि प्रदूषण होता है जो कि हमारे लयि घातक है; कतिु यह जानने के बावजूद हम दीपावली मनाने का तरीका बदल नहीं पाते क्योंकि धर्म से जुड़े होने के कारण यह हमारे संस्कारों में बुरी तरह से बस चुके हैं।

## नषि्करष

- सही बात यह है कि धर्म और नैतकिता दो स्वतंत्र अवधारणाएँ हैं जनिमें से कसिी एक का कसिी दूसरे पर टकिा होना अनविार्य नहीं है।
- कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं जो गहरे स्तर पर धार्मकि हों और उसी स्तर पर नैतकि भी हों। उदाहरण के लयि, महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, वर्द्धमान महावीर, गुरु नानक, कबीरदास, ईसा मसीह।
- कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो धार्मकि तो हैं पर नैतकि की बजाय अनैतकि रास्तों पर चलते हैं। उदाहरण के लयि, जो धर्मगुरु बलात्कार जैसे मामलों में दोषी पाए जाते हैं, वे धार्मकि होते हुए भी अनैतकि ही माने जाएंगे।
- हर समाज में कुछ ऐसे लोग भी होते हैं जो अधार्मकि होकर भी बेहद नैतकि होते हैं। इन्हीं लोगों की धारणा को 'धर्मनरिपेक्ष नैतकिता' कहा जाता है। उदाहरण के लयि, भगत सहि पूरी तरह से धर्म वरिोधी व्यक्त थि कतिु उन्होंने देश की आज़ादी के लयि अपना जीवन कुर्बान कर दयिा।
- अंतमि वर्ग में वे लोग आते हैं जो न तो धार्मकि हैं और न ही नैतकि। उदाहरण के लयि, यदि कोई व्यक्त अपनी वासनाएँ संतुष्ट करने के लयि अभ्यस्त अपराधी बन चुका है तथा कसिी भी धर्म में उसकी नष्ठिा नहीं है तो ऐसे व्यक्त के लयि यही मानना उचति होगा कि वह न तो धर्म से जुड़ा है और न ही नैतकिता से।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/religion-and-ethics